देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 200 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 11 नवंबर 2020

विचार–प्रवाह...देश में हिंसा का तांडव बदस्तूर जारी





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 चीन में कर्मचारी मिला कोरोना पॉजिटिव

5 बन रही है वीरे दी वेडिंग 2: करीना

## संक्षिप्त समाचार

### नतीजों ने साबित किया, मोदी है तो मुमकिन है: योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में और बिहार विधानसभा चुनाव में बढ़त से उत्साहित यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर दोहराया है कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में यह जीत हासिल हुई है। बिहार विधानसभा चुनाव के कयासों को भी इन नतीजों ने दूर कर दिया। मोदी है तो मुमकिन है को जनता ने चरितार्थ कर दिया है। योगी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष नड्डा के मार्गदर्शन में बीजेपी ने जो शानदार प्रदर्शन किया है, इसके लिए उनका अभिनंदन करता हूं।

### अब तक मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के जिला शोपियां के कुटपोरा इलाके में सुबह से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। मकान में अभी भी एक आतंकी मौजूद है। सुरक्षाबलों ने उसे एक बार फिर आत्मसमर्पण का मौका देते हुए हथियार छोड़ घर से बाहर आने की अपील की है। फिलहाल गोलीबारी बंद कर दी गई है। सुरक्षाबलों का कहना है कि दो आतंकवादी बच गया है, वह स्थानीय है और कुछ दिन पहले ही आतंकी संगठन में शामिल हुआ था।

### गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत, रुपाणी बोले ये तो ट्रेलर है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने कहा है कि उपचुनाव में सभी आठ सीट पर जीत एक ट्रेलर है। अभी भाजपा आगामी पंचायत चुनाव निकाय चुनाव तथा 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जोरदार प्रदर्शन करेगी।रुपाणी ने कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस की हार उसकी नाव में आखिरी कील साबित होगी। रुपाणी ने कहा कि कांग्रेस समाज में अफवाह फैलाकर चुनाव में फायदा लेने की कोशिश करती है लेकिन गुजरात की जनता ने उनको सफल नहीं होने दिया।

# बिहार में फिर से नीतीशे कुमार

## बिहार चुनाव के नतीजों में एनडीए को 125 और महागठबंधन को 110 मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में तीन चरणों में हुए विधानसभा चुनाव अब अपने अंतिम पायदान पर है। राज्य की सभी 243 विधानसभाओं में डाले गए वोटों की गिनती हुई। शुरुआती रुझानों में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलता दिख रहा है। चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलकर नतीजों को अप्रत्याशित तौर पर प्रभावित कर दिया। हालत यह हो गई कि नीतीश कुमार का जनता दल यूनाइटेड भारतीय जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल के बाद तीसरे नंबर पर फिसल गया। अब नीतिश के सामने नैतिकता की बड़ी समस्या खड़ी हो गई। हालांकि, बीजेपी ने चुनाव के दौरान कई बार कहा कि नतीजे कुछ भी हों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता नीतीश कुमार ही होंगे। लेकिन बीजेपी के

### एलजेपी ने वोट कटवा की भूमिका निभाई

मुकाबले बड़े अंतर से सीटें कम आने के कारण बड़ी उहापोह की स्थिति पैदा हो गई।

जेडीयू नंबर एक हो सकती थी, लेकिन तीसरे नंबर पर चली गई। यह खबर प्रकाशित करते वक्त चुनाव आयोग के मुताबिक, बीजेपी 74 और आरजेडी 75 सीटों पर आगे थी जबकि जेडीयू को 43 सीटों पर बढ़त हासिल थी। तब एलजेपी की दावेदारी सिर्फ एक सीट पर दिख रही थी लेकिन उसके खाते में 5.8 प्रतिशत वोट आ गए थे। वहीं, बीजेपी के खाते में 19.8 प्रतिशत जबकि जेडीयू को 15.4 प्रतिशत वोट मिल चुके थे। वहीं, आरजेडी को 22.9 प्रतिशत वोट मिले थे। ऐसे में कहा जा सकता है कि अगर

### बिहार चुनाव 2020



#### दोतरफा दांव जीत रही बीजेपी!

एक्सपर्ट्स जेडीयू की सीटें कम करने में बीजेपी की बड़ी भूमिका मान रहे हैं। उनके मुताबिक, बीजेपी भले ही जेडीयू के नेतृत्व में 2005 से ही सरकार बनाती रही हो, लेकिन नीतिश का कद छोटा करने की उसकी चाहत वक्त के साथ–साथ लगातार बढ़ती ही गई। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि बीजेपी ने अपनी इसी इच्छा की पूर्ति के लिए इस बार चिराग पासवान को पिछले दरवाजे से आगे किया। चिराग की एलजेपी ने जेडीयू के वोट कटवा की भूमिका निभाई और अब बीजेपी का काम बनता दिख रहा है।

एलजेपी ने जेडीयू के खिलाफ कैंडिडेट्स नहीं खड़े किए होते तो नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने की संभावना होती।

इतना ही नहीं, बीजेपी को पता था कि नीतीश कुमार से बिहार के मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग बेहद नाराज है। उसे इस बात कर डर था कि ये नाराज मतदाता महागठबंधन का रुख करके नतीजों को पलट सकते हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो बीजेपी ने नीतीश से गुस्साए वोटरों को विकल्प देने का प्लान बना लिया।

तेजस्वी एनडीए से अलग होकर चुनाव मैदान में उतर गए। उन्होंने जेडीयू के खिलाफ अपने कैंडिडेट्स उतारे और नीतीश के कारण मायूस लोगों ने महागठबंधन का रुख करने के बजाय एलजेपी को चुना। इससे महागठबंधन को संभावित फायदे से वंचित करने में भारी सफलता मिली। अगर एलजेपी को मिल रहे 6 प्रतिशत वोटों का आधा 3 प्रतिशत वोट भी महागठबंधन को मिल जाता तो बाजी पलट सकती थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ उदित राज ने एक बार फिर ईवीएम हैकिंग का राग अलापना शुरू कर दिया है।

# जनपिंग–इमरान खान को पूरी तरह इग्नोर कर गए मोदी

## शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की तरफ से शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2020 में हिस्सा लिया। भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव का साफ असर इस बैठक में दिखा जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शरीक हुए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी सम्मेलन में मौजूद थे। पीएम मोदी ने न तो अपने संबोधन की शुरुआत में जिनपिंग या इमरान का नाम लिया, न ही भाषण खत्म करते वक्त सबका शुक्रिया अदा करते हुए चीन, पाकिस्तान का जिक्र किया। पूरी मीटिंग में मोदी ने जिनपिंग को इग्नोर किया। पीएम मोदी के भाषण के दौरान जिनपिंग और इमरान पूरे समय इधर–उधर देखते रहे। चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना मोदी ने कहा,

### चीन, पाकिस्तान पर यूं किया वार

पीएम मोदी ने कहा, ष्हमने हमेशा आतंकवाद, अवैध हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग के विरोध में आवाज उठाई है। भारत एससीओ चार्टर में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार SCO के तहत काम करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहा है। परन्तु, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एससीओ एजेंडा में बार–बार अनावश्यक रूप से द्विपक्षीय मुद्दों को लाने के प्रयास हो रहे हैं, जो एससीओ चार्टर और शंघाई स्पिरिट का उल्लंघन करते हैं। इस तरह के प्रयास SCO को परिभाषित करने वाली सर्वसम्मति और सहयोग की भावना के विपरीत हैं।

कुछ देश SCO में द्विपक्षीय मुद्दे उठाने की कोशिश करते है। यह SCO चार्टर के खिलाफ है।

**यूएन अभी तक हासिल नहीं कर पाया अपना लक्ष्य:** मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों पर बात की। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र ने अपने 75 साल पूरे किए हैं। लेकिन अनेक सफलताओं के बाद भी संयुक्त राष्ट्र का मूल लक्ष्य अभी अधूरा है। महामारी की आर्थिक और सामाजिक पीड़ा से जूझ रहे विश्व की अपेक्षा है कि यूएन की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आए। एक सुधरा बहुलतावाद जो आज की वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाए, जो सभी स्टेकहोल्डर्स की अपेक्षाओं, समकालीन चुनौतियों, और मानव कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा करे। शंघाई सहयोग संगठन के इस सम्मेलन का आयोजन इस बार रूस कर रहा है।

# मानव वन्य जीवों के बीच किसी तरह का संघर्ष न हो ऐसा प्लान बनाये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। ''टाइगर कन्जरवेशन प्लान इस तरह से बनाये ताकि मानव वन्य जीवों के बीच किसी तरह का संघर्ष न हो'' यह निर्देश ओल्ड मसूरी रोड़ स्थित एक संस्थान में वन विभाग के समन्वय से आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने राजाजी टाईगर रिजर्व के कन्जरवेशन प्लान के प्रस्तुतीकरण के दौरान दिये।

बैठक में राजाजी टाईगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा बनाये गये टाईगर कन्जरवेशन प्लान प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। आशारोही से हरिद्वार रोड़ तक पार्क के किनारे भविष्य में जो बाउन्ड्री वॉल व सड़के बनाये जाने की योजना है, के संबंध में मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि बाउन्ड्री वॉल और सड़क का निर्माण इस तरह किया जाए ताकि पार्क पूरी तरह से सुरक्षित रहे। उन्होंने सुस्वा नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए भी प्लान बनाने को कहा। साथ ही मुख्य सचिव ने केवल बफर जोन एरिया में

### निर्देश

■सड़क निर्माण व RBM आदि के कलेक्शन के लिए भी प्रस्ताव बनाने के निर्देश

भविष्य में सड़क निर्माण व RBM आदि के कलेक्शन के लिए भी प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने राजाजी पार्क और इससे सटे इलाके में वन्यजीवों की मॉनिटरिंग बढ़ाने और उनके हैविटेट को बढ़ावा देने के लिये भी बेहतर प्लान बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही ऋषिकेश स्थित 84 कुटिया को भी इको टूरिज्म की तर्क पर विकसित करने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि पार्क के कोर एरिया क्षेत्र में अपरिहार्य परिस्थिति में यदि सड़क बनाने की महती–आवश्यकता हो तो वहाँ पर सड़क ना बनाकर रोपवे जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर को वरियता दें। मुख्य सचिव ने वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को राजाजी पार्क के प्रशासन के समन्वय से सुझावों को भी प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# विश्व के हर क्षेत्र में जंग छिड़ी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सैन्य बल बहुत जटिल और अनिश्चित माहौल में काम कर रहे हैं और उन्हें क्षेत्र में शांति के लिए क्षमता बढ़ानी होगी क्योंकि अगर सैन्य ताकत मजबूत नहीं होगी तो भारत के विरोधी इसका फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत

### हमारे पास मजबूत सैन्य बल नहीं हो तो विरोधी फायदा उठा सकते हैं: जनरल रावत

पड़ने पर आस–पड़ोस में मित्र देशों के साथ अपनी सैन्य क्षमता को साझा करना चाहता है।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष रक्षा और सैन्य मुद्दों पर आधारित एक पोर्टल 'भारतशक्ति डॉट इन' के पांचवें वार्षिक सम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित कर रहे थे। जनरल रावत ने कहा, 'आज हम बेहद जटिल, अनिश्चित और अस्थिर माहौल में काम कर रहे हैं।

विश्व के तकरीबन हर क्षेत्र में छोटी, बड़ी जंग छिड़ी हुई है। इसलिए यदि हमें खुद की रक्षा करनी है, अपने देश की, अपने देश की अखंडता और अपने लोगों की रक्षा करनी है तो हमें मजबूत सैन्य बल की जरूरत है।'